प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज से प्रदेश के दो दिन के दौरे पर–नई रेल सेवाओं और सुविधाओं की सौगात देंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए जन सहभागिता पर जोर दिया।

- वाईब्रेंट विलेज योजना के तहत प्रदेश के पांच सरहदी जिलों के 1200 से अधिक गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जायेगा।

- प्रदेश में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर आज और कल आंधी बारिश के आसार।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज से प्रदेश के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। रेल मंत्री कई नई रेल सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। वे सबसे पहले जोधपुर पहुंचेंगे, जहां उनका विभिन्न रेल सेवाओं का उद्घाटन का कार्यक्रम है। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में वे 20 डिब्बों वाली जोधपुर–दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। ये रेलगाडी पहले केवल आठ डिब्बों के साथ चल रही थी। श्री वैष्णव साबरमती–जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जैसलमेर तक विस्तार का भी उद्घाटन करेंगे। वे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जैसलमेर में 67 करोड़ रूपये की लागत से नये बने कोच केयर कॉम्प्लेक्स का भी शुभारम्भ करेंगे। जोधपुर से रेल मंत्री जालोर जाएंगे, जहां वे भुज–नई दिल्ली रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह ट्रेन राज्य भर के कई स्टेशनों से होकर गुजरेगी। जालोर से हमारे संवाददाता ने बताया कि दिल्ली भुज एक्सप्रेस सेवा की शुरूआत से जिले में खुशी का माहोल है। लम्बे समय से इसकी मांग की जा रही थी।

0000

रेल मंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा के लिए पाली भी जायेंगे। श्री वैष्णव कल जयपुर में रोजगार मेले में भाग लेंगे, जहां वे इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। पांच देशों के विदेश दौरे से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने ये बैठक की। पश्चिम एशिया संकट से उपजे हालात के मद्देनजर और विभिन्न चुनौतियों से निपटने की दृष्टि से भी ये बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बैठक में जीवन की सुगमता और व्यापार में आसानी को बढ़ावा देने संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए भविष्य में सुधार करने के तरीकों पर भी विचार विमर्श किया गया। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज शाम केबिनेट की बैठक प्रस्तावित है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वच्छता को देशवासियों का सामुहिक दायित्व बताया है। उन्होंने कहा कि ये केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि जन–जन का आंदोलन है। श्री शर्मा कल डूंगरपुर में स्वच्छता संदेश कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर ने स्वच्छता को जन सहभागिता का उत्सव बनाया है। इसकी वजह से आज सब जगह डूंगरपुर मॉडल की चर्चा होती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत अब तक राज्य में तीन लाख के करीब व्यक्तिगत शौचालय और पांच हजार से अधिक सामुदायिक शौचालय बनवाये गये है। वहीं 41 हजार से ज्यादा ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज बने है तथा 21 जिलो मे बायागैस संयत्रों की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने आज धंबोला गांव में पैदल भ्रमण कर लोगों से संवाद भी किया।

0000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत ने कृषि उत्पादन बढ़ाकर, खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया है। इससे लाखों किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का नया आदर्श दुनिया के सामने पेश किया गया है। कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोम में खाद्य और कृषि संगठन के एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर की। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने कोविड महामारी के बाद से लगभग 80 करोड़ लोगों को विश्व का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

0000

केन्द्र सरकार की वाईब्रेंट विलेज योजना के तहत राज्य में सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास शुरू किया गया है। इस योजना के तहत पांच सरहदी जिलों में 1200 से अधिक गांवों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने सालाना डेढ सौ करोड रूपये की राशि का प्रावधान किया है। कल जयपुर में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास की अध्यक्षता में वाईब्रेंट विलेज राज्यस्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक हुई। इसके तहत जैसलमेर, बाडमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और फलौदी में रणनीतिक महत्व के 184 गांवों में विभिन्न क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित किया जायेगा।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण और बुनियादी सुविधाओं सहित कई विषयों की मौके पर ही समीक्षा की तथा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से काम करने के निर्देश दिए। श्री बिरला ने शहर के सुनियोजित, सुरक्षित और सुविधाजनक विकास पर जोर दिया।

0000

केन्द्र सरकार ने देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी के पर्याप्त भंडार की उपलब्धता का भरोसा दिलाया है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया की स्थिति पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि आपूर्ति स्थिर है और सभी पेट्रोल पंपों पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

0000

आज अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस है। इसका उद्देश्य पृथ्वी पर जीवों के महत्व और पर्यावरण संतुलन के बारे में जागरूकता बढाना है। इस साल की थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना रखी गई है। इस अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम रखे गये है। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जैव विविधता दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण शपथ और पौध रोपण तथा जल संरक्षण सहित कई कार्यक्रम रखे गये है।

0000

प्रदेश में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इसके असर से उत्तर पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में आंधी, बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग के अनुसार इसका असर आज और कल रहने की संभावना है। इससे दोपहर बाद कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने के भी आसार है। इससे तापमान में थोडी गिरावट आ सकती है। इस बीच 46 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस के साथ कल श्रीगंगानगर प्रदेश में सबसे गर्म स्थान रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि दिन के समय जहां तपती धूप लोगों को झुलसा रही है। वहीं रातें भी काफी गर्म बनी हुई है।

0000

अधिकतर शहरों में कल दिन का पारा 40 से 44 डिग्री के बीच रहा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000